# श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय

रटनगंज-बनकट, युधिष्ठिरपट्टी, आजमगढ़ (उ०प्र०)

प्रेषकः- प्रबन्धक/~~प्रधानाचार्य~~

दिनांक 15.07.2025

पत्रांक......................

सेवा में,

श्रीमान् कुलसचिव !

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

वाराणसी।

विषयः- उक्त महाविद्यालय द्वारा कराया गया विज्ञापन, एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा की गई रिक्त पद पुष्टि को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।

महोदय !

विनम्र निवेदन है कि उक्त महाविद्यालय में जिला विद्यालय-निरीक्षक द्वारा की गयी रिक्त पद की परिपुष्टि एवं विज्ञापन की प्रति विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित की जा रही है।

अतः श्रीमान् से प्रार्थना है कि रिक्त पद की परिपुष्टि एवं विज्ञापन विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा करें। जिससे नियुक्ति की कार्यवाही सुचारु पूर्वक की जा सके।

संलग्नक -

1. प्रधानाचार्य एवं साहित्य शिक्षक पदपुष्टि दिनांक 08-09-2015
2. स०अ० (आधुनिक) विषय हिन्दी दिनांक 22-02-2014
3. समाचार पत्र "आज" एवं "राष्ट्रीय सहारा" दिनांक 10-07-2025

भवदीय

राम [illegible] पाण्डेय

प्रबन्धक
श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय
रटनगंज बनकट-युधिष्ठिरपट्टी आजमगढ़

मो०नं० 9129027886

Scanned with OKEN Scanner

रजिस्टर्ड-पत्र

प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक
आजमगढ़ ।

सेवा में,

कुलसचिव
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी।

पत्रांक/संस्कृत/ 4401-4 /2015–16 दिनांक : 8/9/15

विषय :- श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रटनगंज-बनकट युधिष्ठिरपट्टी, आजमगढ़ में मृत्यु/सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप रिक्त राज्यानुदानित पदों की परिपुष्टि।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संस्था के प्रबन्धक के पत्र दिनांक 28–8–2015 तथा 03–9–2015 के साथ उपलब्ध कराए गए अभिलेखों के आधार पर संस्था में उनके सम्मुख उल्लिखित विवरणानुसार निम्नलिखित राज्यानुदानित पदों के रिक्ति की परिपुष्टि की जाती है।

| क्रमांक | पद का नाम | पूर्व पदधारक का नाम | रिक्ति का कारण | रिक्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रधानाचार्य | राम प्रकट चतुर्वेदी | दि० 28.11.2004 को आकस्मिक निधन | 29.11.2004 |
| 02 | साहित्य-शिक्षक | ब्यासधर द्विवेदी | दि० 30/6/13 को सेवानिवृत्त | 01.7.2013 |

भवदीय

(चन्द्रजीत सिंह यादव)
जिला विद्यालय निरीक्षक
आजमगढ़

पृ०सं०/ 4401-4 /15–16 दिनांक- उपर्युक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़।

(2) निरीक्षक संस्कृत पाठशालाए उ०प्र० इलाहाबाद ।

(3) प्रबन्धक, श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रटनगंज, बनकट, युधिष्ठिरपट्टी, आजमगढ़ को उनके पत्र दिनांक 28–8–2015 तथा 03–9–2015 के सन्दर्भ में इस आशय से प्रेषित है कि भविष्य में किसी भी प्रकार के तथ्यगोपन की दशा में यह आदेश स्वतः प्रभावहीन माना जायेगा।

OL

प्रबन्धक
श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय
रटनगंज बनकट-युधिष्ठिरपट्टी आजमगढ़

(चन्द्रजीत सिंह यादव)
जिला विद्यालय निरीक्षक
आजमगढ़

Scanned with OKEN Scanner

प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
आजमगढ़।

सेवा में,

कुल सचिव,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी।

पत्रांक/संस्कृत/ /2013–14 दिनांक 12/2/14

**विषयः–** **श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय, रटनगंज बनकट, युधिष्ठिरपट्टी, आजमगढ़ में रिक्त स0अ0 (आधुनिक) पद की पुष्टि के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निवेदन है कि प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रटनगंज बनकट, युधिष्ठिरपट्टी, आजमगढ़ के पत्र दिनांक 06.02.2014 द्वारा उक्त पद की रिक्ति की पुष्टि में उपलब्ध कराए गए अभिलेखों के आधार पर श्री उमाशंकर शुक्ल स0अ0 (आधुनिक) संस्था में सृजित/राज्यानुदानित एवं अनुमोदित पद पर कार्यरत रहने के पश्चात् दिनांक 30.06.2001 के सेवा निवृत्त हो गये।

अतः उक्त स0अ0 (आधुनिक) की अधिवर्षता आयु पूरा कर लेने के पश्चात् सेवा निवृत्ति के फलस्वरूप संस्था में इस पद के रिक्ति की पुष्टि की जाती है।

भवदीय

(हरिश्चन्द्र नाथ)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
आजमगढ़।

पृ0सं0/संस्कृत/ 8007-10 /2013–14 तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि** :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. संयुक्त शिक्षा निदेशक, आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़।
2. निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रटनगंज, बनकट, युधिष्ठिरपट्टी, आजमगढ़।

प्रबन्धक
श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय
रटनगंज बनकट-युधिष्ठिरपट्टी आजमगढ़

(हरिश्चन्द्र नाथ)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
आजमगढ़।

Scanned with OKEN Scanner

आवश्यकता है- सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रटनगंज - बनकट, युधिष्ठिरपट्टी, आजमगढ़ में शासन द्वारा स्वीकृत (राज्यानुदानित) आरक्षण नियमावली के अनुसार रिक्त अधोलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों के आवेदनपत्र समस्त योग्यता की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिनों के अन्तर्गत पंजीकृत डाक से निम्नलिखित पते पर प्रबंधक द्वारा निर्धारित 500/-रु. का बैंक ड्राफ्ट जो प्रबंधक के पक्ष में देय हो संलग्न कर आमन्त्रित किये जाते हैं। (1) प्रधानाचार्य एक 01 पद 1. अर्हता-"क" वर्गीय विषय में से किसी एक विषय में कम से कम आचार्य (स्नातकोत्तर उपाधि) द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण, 2. स्नातकोत्तर स्तर का पाँच वर्षों का अध्यापनानुभव। 3. न्यूनतम आयु 30 वर्ष। परम्परागत उपाधि को वरीयता। (2) साहित्य शिक्षक एक 01 पद। 1. अर्हता- सम्बद्ध विषय में कम से कम स्नातकोत्तर उपाधि द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण। 2. परम्परागत उपाधि को वरीयता। 3. स0अ0 (सहायक अध्यापक) (आधुनिक) एक 01 पद। विषय हिन्दी 1. अर्हता- सम्बद्ध विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि। नोट:- इस विज्ञापन के पूर्व के विज्ञापन दैनिक समाचारपत्र दिनांक-12.09.2015 स्वतंत्र भारत व 13.09.2015 आज, तथा दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान एवं जनसंदेश टाईम्स आवश्यक सूचना दि0-09.08.2024 त्रुटिपूर्ण होने के कारण निरस्त एवं विधि शून्य समझा जाय। पूर्व में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, वे भी पुनः आवेदन करें। रामबली पाण्डेय प्रबन्धक-श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रटनगंज- बनकट, युधिष्ठिरपट्टी, आजमगढ़। उ0प्र0 पिन 223221

Scanned with OKEN Scanner

आवश्यकता है- स पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रटनगंज - बनकट, युधिष्ठिरपट्टी, आज़मगढ़ में शासन द्वारा स्वीकृत (राज्यानुदानित) आरक्षण नियमावली के अनुसार रिक्त अधोलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों के आवेदनपत्र समस्त योग्यता की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिनों के अन्तर्गत पंजीकृत डाक से निम्नलिखित पते पर प्रबंधक द्वारा निर्धारित 500/-रु. का बैंक ड्राफ्ट जो प्रबंधक के पक्ष में देय हो संलग्न कर आमन्त्रित किये जाते हैं। (1) प्रधानाचार्य एक 01 पद 1. अर्हता- "क" वर्गीय विषय में से किसी एक विषय में कम से कम आचार्य (स्नातकोत्तर उपाधि) द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण, 2. स्नातकोत्तर स्तर का पाँच वर्षों का अध्यापनानुभव। 3. न्यूनतम आयु 30 वर्ष। परम्परागत उपाधि को वरीयता। (2) साहित्य शिक्षक एक 01 पद। 1. अर्हता- सम्बद्ध विषय में कम से कम स्नातकोत्तर उपाधि द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण। 2. परम्परागत उपाधि को वरीयता। 3. स0अ0 (सहायक अध्यापक) (आधुनिक) एक 01 पद। विषय हिन्दी 1. अर्हता-सम्बद्ध विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि । नोटः- इस विज्ञापन के पूर्व के विज्ञापन दैनिक समाचारपत्र दिनांक-12.09.2015 स्वतंत्र भारत व 13.09.2015 आज, तथा दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान एवं जनसंदेश टाईम्स आवश्यक सूचना दि0-09.08.2024 त्रुटिपूर्ण होने के कारण निरस्त एवं विधि शून्य समझा जाय। पूर्व में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, वे भी पुनः आवेदन करें। रामबली पाण्डेय प्रबन्धक-श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रटनगंज- बनकट, युधिष्ठिरपट्टी, आजमगढ़। उ0प्र0 पिन 223221

Scanned with OKEN Scanner